नैमिष में बनेगा इलेक्ट्रिक बसों का चार्जिंग स्टेशन

- दो करोड़ से स्टेशन में बनेंगे छह चार्जिंग प्वाइंट
- मार्च तक बनकर तैयार हो जाएगा चार्जिंग स्टेशन

सीतापुर। सीतापुर के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ नैमिषारण्य की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें फर्राटा भरेंगी। ये सहूलियत देने को यहां पर इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन बनेगा। इस स्टेशन पर छह चार्जिंग प्वाइंट बनेंगे। यहां छह इलेक्ट्रिक बसें चार्ज हो सकेंगी। इस पर दो करोड़ रुपये व्यय होंगे। कार्यदायी संस्था ने स्टेशन निर्माण शुरू कर दिया है।

काशी और अयोध्या को खूबसूरत बनाने के बाद अब केंद्र व राज्य सरकारें 88 हजार ऋषियों की तपस्थली नैमिषारण्य को सजाने और संवारने में जुटी हैं। देश-विदेशों से आने वाले पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने को सड़क, बिजली, पानी की सुविधाओं को चकाचक करने की कवायद हो रही है। साथ ही परिवहन पर भी फोकस है। आवागमन के लिए रेल व बस सेवाएं भी दुरुस्त की जा रही है। ऐसे में यहां की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें भी फर्राटा भरेंगी। इसे देखते हुए धर्मनगरी इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन की स्थापना करने का फैसला लिया। इस पर इस प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद अब कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस ने इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन का निर्माण भी शुरू करा दिया है। दो करोड़ की लागत से बनने वाले इस चार्जिंग स्टेशन में छह चार्जिंग प्वाइंट तो बनेंगे, साथ ही सुरक्षा के लिए गार्ड रूम भी बनेगा। पांच दुकानें भी तैयार की जाएगी। ये स्टेशन बिजली, पानी आदि से सुसज्जित किया जाएगा।